This question paper contains 4 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **4259**

Unique Paper Code : **205340** **C**

Name of the Paper : **Paper 11 : Hindi 'B' M.I.L. (आधुनिक भारतीय भाषा : हिंदी 'ख')**

(प्रवेश वर्ष 2011 और इसके बाद)

Name of the Course : **B.A. (Prog.)/II Hindi**

Semester : **III**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8+8=16

(क) कुछ लोगों के नामों का उल्लेख किया गया था जिनके ओहदे थे
बाक़ी सब इत्यादि थे
इत्यादि तादाद में हमेशा ही ज़्यादा होते थे
इत्यादि भाव-ताव करके सब्ज़ी ख़रीदते थे और खाना-वाना खाकर
ख़ास लोगों के भाषण सुनने जाते थे
इत्यादि हर गोष्ठी में उपस्थिति बढ़ाते थे
इत्यादि जुलूस में जाते थे, तख़्तियाँ उठाते थे, नारे लगाते थे
इत्यादि लंबी लाइनों में लगकर मतदान करते थे
उन्हें लगातार ऐसा भ्रम दिया गया था कि वे ही

P.T.O.

इस लोकतंत्र में सरकार बनाते हैं

इत्यादि हमेशा ही आंदोलनों में शामिल होते थे

इसलिए कभी-कभी पुलिस की गोली से मार दिए जाते थे।

(*i*) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(*ii*) प्रस्तुत काव्यांश में 'इत्यादि' किसका प्रतीक है ?

(*iii*) इन पंक्तियों में चित्रित यथार्थ का विवेचन कीजिए।

(*iv*) इन कविता-वाक्यों के अनुसार 'इत्यादि' को कैसा भ्रम है ?

(ख) 5 जुलाई, 1928 के 'यंग इंडिया' में गांधी जी ने अंग्रेज़ी के प्रभुत्व से होने वाली देश की हानि के बारे में लिखा था— हज़ारों नवयुवक अपना कीमती समय इस विदेशी भाषा को सीखने में नष्ट करते हैं जबकि उनके दैनिक जीवन में उसकी कोई उपयोगिता नहीं है। अंग्रेज़ी सीखने में समय लगाते हुए वे मातृभाषा की उपेक्षा करते हैं; वे इस अंधविश्वास का शिकार होते हैं कि ऊँचे दर्जे के विचार अंग्रेज़ी ही में प्रकट किए जा सकते हैं। अंग्रेज़ी के लादे जाने से राष्ट्र की शक्ति सूख गई है, विद्यार्थियों की आयु क्षीण हो गई है, आम जनता से वे दूर जा पड़े हैं, शिक्षा पाना बड़े खर्चे का काम हो गया है। "यदि यही सिलसिला जारी रहा तो बहुत संभव है कि राष्ट्र की आत्मा का नाश हो जाए।"

(*i*) प्रस्तुत अनुच्छेद किस निबंध से लिया गया है ? इसके लेखक कौन हैं ?

(*ii*) यहाँ गांधी जी की कौन-सी चिन्ता का वर्णन है ?

(*iii*) अंग्रेज़ी सीखने की दौड़ में नवयुवक किसकी उपेक्षा करते हैं ?

(*iv*) गांधी जी के अनुसार देश के नवयुवक किसके शिकार हैं ?

(ग) विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति-निरपेक्ष होते हैं। दुर्भाग्य कि मुक्त-मंडी की नीति भी ज़्यादा से ज़्यादा छूट और लूट की व्यवस्था कराने तक सीमित रहती है। ऐसे में हर नई प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग होकर रहता है। इंटरनेट का उपयोग आज तस्कर कर रहे हैं। कट्टरपंथी कर रहे हैं। काली कमाई को सफेद बनानेवाले कर रहे हैं और बच्चों को संभोग का सुपात्र बनानेवाले कर रहे हैं। पुस्तक-प्रेमी होने के नाते मैं आशा करता हूँ कि किताब की जगह इंसान की ज़िंदगी में हमेशा बनी रहेगी लेकिन साथ ही मैं अपने को यह भी मानने को मजबूर पा रहा हूँ कि ज़्यादातर लोग उसे महज मनोरंजन के लिए पढ़ेंगे और ख़त्म होते ही फेंक देंगे जैसे आज भी अमेरिका में हवाई अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर फेंकी जाती हैं।

(*i*) प्रस्तुत गद्यांश किस लेख से अवतरित है और इसके लेखक कौन हैं ?

(*ii*) गद्यांश में मुक्त-मंडी की नीति कौन-सी व्यवस्था को रेखांकित करती है ?

(*iii*) नई प्रौद्योगिकी का दुरुपयोग कैसे होता है ?

(*iv*) गद्यांश में लेखक की क्या कामना है ?

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3×3=9

(क) 'जल्द-जल्द पैर बढ़ाओ, आओ, आओ' कविता का भावार्थ संक्षेप में लिखिए।

(ख) 'अपने-अपने क्षेत्र में दोनों अनुपम हैं– दोनों ध्रुव कभी मिलते नहीं किंतु दोनों में आकर्षण है, अपने-अपने ढंग का।' इस कथन के आलोक में प्रसाद एवं प्रेमचंद का साहित्यिक अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ग) भारतीय साहित्य की समृद्धि के लिए राहुल सांकृत्यायन के योगदान का उल्लेख कीजिए।

(घ) 'दाज्यू' कहानी के जगदीश बाबू की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।

(ङ) 'कॉफ़ी हाऊस' के लेखक कौन हैं ? इस पाठ में वे क्या कहना चाहते हैं ?

3. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 6×3=18

(क) 'हिंदी' शब्द की व्युत्पत्ति और उसके अर्थ को स्पष्ट कीजिए।

(ख) हिंदी भाषा के विकास का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ग) हिंदी की उपभाषाएँ और बोलियाँ कौन-कौनसी हैं ?

(घ) पश्चिमी हिंदी और पूर्वी हिंदी में अंतर स्पष्ट कीजिए।

4. किन्हीं **तीन** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 6×3=18

(क) भाषा और लिपि का संबंध

(ख) लिपि का विकास

(ग) 'देवनागरी' लिपि का नामकरण

(घ) 'देवनागरी लिपि की विशेषताएँ।

5. शब्द-शक्ति से क्या तात्पर्य है ? काव्य में शब्द-शक्ति के महत्व पर प्रकाश डालिए। 6

अथवा

अभिधा एवं लक्षणा शब्द-शक्ति का अंतर स्पष्ट कीजिए।

6. (क) "वाद से विवाद यह ठने/काँटा काँटे से कढ़ाओ"– प्रस्तुत काव्यांश में लाक्षणिक प्रयोग स्पष्ट कीजिए। 4

(ख) "मुझे नहीं जानता मेरा पड़ोसी मेरे नाम से/अब सिर्फ़ एलबम में रहते हैं/परिवार के सारे लोग एक साथ।"– इस काव्यांश में निहित व्यंग्यार्थ का परिचय दीजिए। 4